# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

**U. P. Power Corporation Limited**

(U.P.Govt. Undertaking)

शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग,

लखनऊ–226001

**CIN: U32201UP1999SGC024928**

**Phone (O) 0522-287701-03**
**Fax N0. 0522-2287789**
**0522-2288743**


**संख्या 02– डीएस–अ0प्र0(2अ)/पा0का0लि0/2020** **दिनांकः 01 जनवरी, 2020**

## <u>कार्यालय ज्ञाप</u>

उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–11/2016/2410(8)/24–पी–2–16–सा0(80)/2016 दिनांक 29.12.2016 द्वारा निदेशक(वित्त), पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी, (पूविविनिलि) के पद पर नियुक्त किये गये श्री अनिल कुमार अवस्थी (ए–461), मुख्य महाप्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड का निदेशक (वित्त), पूविविनिलि के पद का कार्यकाल दिनांक 28.12.2016 को समाप्त हो जाने एवं इसके फलस्वरूप श्री अवस्थी द्वारा अपने मूल पद – मुख्य महा प्रबन्धक(लेखा एवं सम्प्रेक्षा) – पर दिनांक 29.12.2019 को कार्यभार ग्रहण कर लिये जाने के फलस्वरूप उत्पन्न प्रशासनिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत कारपोरेशन कार्यहित में एतद्द्वारा निम्नांकित आदेश किये जाते है :–

1– अधिशासी निदेशक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ के पद को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में अन्तरिम व्यवस्था के तहत परिविस्तारित करते हुए अधिशासी निदेशक(लेखा एवं सम्प्रेक्षा) श्री प्रमेन्द्र नाथ सहाय (पी–276), को अधिशासी निदेशक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा), पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी के पद पर तत्काल प्रभाव से तैनात किया जाता है ।

2– श्री अनिल कुमार अवस्थी (ए–461), मुख्य महा प्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा) को मुख्य महा प्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा) उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड मुख्यालय, लखनऊ के पद पर तत्काल प्रभाव से तैनात किया जाता है ।

3– कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–200–डीएस–अ0प्र0(02अ)/पाकालि/2017, दिनांक 04.09.2017 के प्रस्तर–2 में निहित प्राविधानुसार श्री इन्द्र मोहन कौशल (आई–48), मुख्य महा प्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा) को महा प्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा) के पद पर प्रत्यावर्तित करते हुए, उन्हें महा प्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा), दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, आगरा के पद पर तत्काल प्रभाव से तैनात किया जाता है ।

4– श्री ललित कुमार गुप्ता (एल–60), महा प्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा), उ0 प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ को सचिव, उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर इम्प्लाईज ट्रस्ट (सामान्य भविष्य निधि एवं अंशदायी भविष्य निधि), शक्ति भवन, लखनऊ के पदों का कार्य अतिरिक्त प्रभार के रूप प्रदान किया जाता है, जिसके लिए श्री गुप्ता को कोई अतिरिक्त वेतन एवं भत्ता इत्यादि देय नहीं होगा ।

5– कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–111–डीएस–अ0प्र0(02अ)/पाकालि/2019, दिनांक 01.06.2019 के प्रस्तर–1 में निहित प्राविधानुसार श्री सुरेन्द्र कुमार (एस–832), महाप्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा), को उप महा प्रबन्धक (लेखा) के पद पर प्रत्यावर्तित कर कार्यालय ज्ञाप संख्या 232–डीएस–अ0प्र0(2अ)/पा0का0लि0/2019 दिनांक 26.102.2019, जिसके द्वारा श्री सुरेन्द्र कुमार, दिनांक 31.03.2020 तक अधिशासी निदेशक(लेखा एवं सम्प्रेक्षा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ से सम्बद्ध किये गये थे, को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए श्री सुरेन्द्र कुमार(एस–832) को उपमहाप्रबन्धक(लेखा) के पद पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी में तत्काल प्रभाव से तैनात किया जाता है ।

6– श्री अविनाश चन्द्र पाण्डेय (ए–460), उपमहाप्रबन्धक(लेखा प्रशासन), उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ, श्री सुरेन्द्र कुमार(एस–832) द्वारा वर्तमान में देखे जा रहें लेखा/सम्प्रेक्षा का कार्य भी अतिरिक्त प्रभार के रूप में तत्काल प्रभाव से देखेंगे, जिसके लिए श्री पाण्डेय को कोई अतिरिक्त वेतन एवं भत्ता इत्यादि देय नहीं होगा ।

(1) यदि वर्तमान तैनाती का कार्यालय/निगम, अंकित कार्यालय/निगम से भिन्न है, उस दशा में का0ज्ञा0 में अंकित कार्यालय/निगम के स्थान पर वास्तविक वर्तमान तैनाती का कार्यालय/निगम प्रत्येक व्यवहारिक उद्देश्य के लिये मान्य होगा।

(2) नियन्त्रक अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह सुनिश्चित कर ले कि स्थानान्तरित अधिकारी कार्यमुक्ति की तिथि को पावर कारपोरेशन द्वारा निर्गत आदेश सं0–5910–गोपन/पाकालि(06)–2001 दिनाँक 11–6–2001 के अनुसार वार्षिक गोपनीय आख्या का अंकन तथा स्वाकंन का प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित करता है।

(3) उपर्युक्त अधिकारियों को स्थानीय व्यवस्था द्वारा तत्काल कार्यभार से अवमुक्त किया जाना सुनिश्चित किया जाय ।

(4) उपर्युक्त अधिकारी अपने नव तैनाती कार्यालय में तत्काल कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें

**प्रबन्ध निदेशक**

**संख्याः 02–डीएस–अ0प्र0(2अ)/पा0का0लि0/2020 तद्‌दिनाँक**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. मा0 ऊर्जा मंत्री/मा0 उर्जा राज्य मंत्री के निजी सचिव, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
2. अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक, के निजी सचिव/समस्त निदेशक/अपर सचिव (प्रथम/द्वितीय/तृतीय) के निजी सचिव, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक/समस्त निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
4. प्रबन्ध निदेशक, दक्षिणान्चल/मध्यान्चल/पूर्वान्चल/पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, आगरा/लखनऊ/वाराण सी/मेरठ/ केस्को लिमिटेड, कानपुर के निजी सचिव ।
5. समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–1)/मुख्य अभियन्ता (स्तर–2)/मुख्य महा प्रबन्धक/महा प्रबन्धक, उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0पा0ट्रान्समिशन का0लि0।
6. सचिव, उ0प्र0 पावर सेक्टर इम्पलाईज ट्रस्ट, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
7. समस्त संयुक्त सचिव, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक (सम्प्रेक्षा/लेखा प्रशासन), उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।
9. लेखा अधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।
10. उप सचिव (गोपन), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
11. सम्बन्धित अधिकारीगण/वैयक्तिक पत्रावली/कट फाइल/नोटिस बोर्ड।

आज्ञा से,

**(अरूण कुमार राय)**
**उप सचिव (2अ)**